an>

Title: Need to take effective measures to include the names of eligible voters in the voter's list and provide photo identity card to every voters in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष जी, क्या हम इस मुद्दे को को यहां नहीं रख सकते? सर, उसमें जो वोटर्स लिस्ट बन रही है,...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : वोटर्स लिस्ट इलेक्शन कमीशन बनाता है।

...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह : सर, लेकिन उसमें समस्या है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : सॉरी, आप अपना मुद्दा इलेक्शन कमीशन को भेज दीजिए।

श्री गणेश सिंह : अध्यक्ष महोदय, भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर राज्य सरकारें मतदाता सूची तैयार कर रही हैं। लेकिन उसमें परिचय पत्र में मतदाताओं की फोटो चस्पा होनी है लेकिन बड़ी संख्या में मतदाताओं की फोटो नहीं खींची गई है। [r18]

मेरा कहना है कि इससे बहुत बड़ी संख्या में मतदाता मतदान से वंचित रह जायेंगे। मध्य प्रदेश में सूची का प्रकाशन हुआ है उसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं के फोटो पहचान पत्र नहीं बन पाये हैं। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि भारत सरकार का निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश के निर्वाचन आयोग को निर्देश दे कि दुबारा वहां पर फोटो पहचान-पत्र का कार्य कराए। ..(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nobody can do that. Sorry.